प्रादेशिक समाचार
15.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. 77वें सेना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय सेना के मानवीय कार्यों की सराहना की, कहा– मातृभूमि की सेवा में उनके बलिदान के लिए कृतज्ञ है राष्ट्र।
2. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों से किया संवाद, झारखंड का गौरव बढ़ाने वाले युवाओं को दी बधाई।
3. रांची में संविधान गौरव यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डॉ. अंबेडकर को किया नमन, कांग्रेस पर साधा निशाना।
4. धनबाद के बाघमारा एसडीपीओ हमला कांड में सात आरोपी गिरफ्तार, खूंटी में अवैध अफीम खेती मामले में चार गिरफ्तार।
5. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में मकर संक्रांति पर आयोजित किया कार्यक्रम, जिले के स्वीकृत सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं और विकास की दी जानकारी।
6. रांची में खेली जा रही महिला हॉकी इंडिया लीग में आज सूरमा हॉकी क्लब का सामना ओडिशा वारियर्स से।

*******************

77वां थल सेना दिवस आज गर्व और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र मातृभूमि की सेवा में उनके बलिदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार विभिन्न सुधारों और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है तथा सशस्त्र बलों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले युवाओं से राजभवन में संवाद किया। उन्होंने प्रतिभागियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। मौके पर प्रतिभागियों ने विकसित भारत, विरासत और तकनीकी विकास पर अपने अनुभव साझा किए।

*******************

रांची में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संविधान गौरव यात्रा का आयोजन हुआ जिस में कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। संविधान यात्रा की शुरुआत डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर हुई। इस अवसर पर श्री मरांडी ने भारतीय संविधान और डॉ. अंबेडकर के योगदान को सराहा और कांग्रेस पर संविधान के राजनीतिक उपयोग का आरोप लगाया।

*******************

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कोडरमा को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कवायद शुरू की गई है।

*******************

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डा. एल मुरुगन कल झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आयेंगे। डा. मुरुगन कल दोपहर बाद रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे पश्चिमी सिंहभूम जिले के लिए रवाना हो जायेंगे। तीनों ही दिन वे आकांक्षी जिला पश्चिमी सिंहभूम में रहेंगे और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

*******************

धनबाद पुलिस ने बाघमारा एसडीपीओ हमला कांड में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन में मुख्य आरोपी कारू यादव का भाई बिल्लू यादव शामिल हैं। आरोपियों के पास से पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस, बम और 3 मोबाइल बरामद हुए। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि मामले में 9 एफआईआर दर्ज की गई है और मुख्य आरोपी कारू यादव की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी की 30 टीमें बिहार–झारखंड और यूपी में छापेमारी कर रही हैं।

*******************

इधर खूंटी पुलिस ने अवैध अफीम खेती पर कार्रवाई करते हुए खूंटी और अड़की थाना क्षेत्र से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। खूंटी पुलिस ने अब तक 1300 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट कर कुल 18 गिरफ्तारियां की है। खूंटी डीएसपी वरुण रजक ने इसकी जानकारी दी।

*******************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के कोडरमा स्थित आवास पर मकर संक्रांति के अवसर पर भक्ति संगीत और पारंपरिक व्यंजनों का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने मकर संक्रांति को संस्कृति का प्रतीक बताते हुए जिले के दो लाख स्वीकृत सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं और विकास की जानकारी दी

*******************

धनबाद रेल मंडल के रेलवे स्टेडियम में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया जिस में मंडल की 10 टीमों ने उत्साह और कौशल के साथ भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने खेल आयोजन को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी बताया।

*******************

रांची में खेली जा रही महिला हॉकी इंडिया लीग में आज सूरमा हॉकी क्लब का सामना ओडिशा वारियर्स से हो रहा है। यह मैच शाम छह बजे शुरू हुआ और दर्शकों को दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

*******समाप्त********